**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
**कृषि अनुसंधान केन्द्र**
**स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय**
**बीकानेर – 334006**
Phone 0151 2250018, 0151 2250570
**Email: arsagrometbikaner@gmail.com**

क्रमांकः एफ/एग्रो/एग्रोमेट./25 दिनांकः **16.05.2025**
**जिलाः– बीकानेर**

# मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि सलाह
## अवधि 16 मई 2025 से 20 मई 2025 तक

| | |
|---|---|
| **गत सप्ताह के मौसम की समीक्षाः** इस दौरान अधिकतम तापमान 43.3 से 45.0 °C एवं न्यूनतम तापमान 27.2 से 28.2 °C के मध्य रहा। इस दौरान धीमी गति की हवायें चली एवं आपेक्षिक आर्द्रता 19 से 47% रही। | **आगामी सप्ताह की मौसम भविष्यवाणीः** भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली एवं राज्य मौसम केन्द्र, जयपुर से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर बीकानेर जिले में आगामी 5दिनों के दौरान (16.05.2025 से 20.05.2025) 16.05.2025 से 20.05.2025 तक स्वच्छ आकाश छाए रहने, न्यूनतम तापमान 31.0°C और अधिकतम तापमान 45.0°C के मध्य रहने की संभावना है। इस दौरान दक्षिणी पश्चिमी और पश्चिमी दक्षिणी पश्चिमी दिशा से तेज गति की हवायें बहुत कम सापेक्ष आर्द्रता के साथ चलने की संभावना है। |

| मौसम कारक | दिनांक | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 16.05.2025 | 17.05.2025 | 18.05.2025 | 19.05.2025 | 20.05.2025 |
| वर्षा) एम.एम. ( | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| आसमान में बादलो की स्थिति | स्वच्छ आकाश | स्वच्छ आकाश | स्वच्छ आकाश | स्वच्छ आकाश | स्वच्छ आकाश |
| अधिकतम तापमान º C) | **45** | **45** | **45** | **45** | **45** |
| न्यूनतम तापमान (º C) | **31** | **31** | **31** | **31** | **31** |
| वायु दिशा | पश्चिमी दक्षिणी पश्चिमी | पश्चिमी दक्षिणी पश्चिमी | दक्षिणी पश्चिमी | पश्चिमी दक्षिणी पश्चिमी | दक्षिणी पश्चिमी |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत ) | **12** | **13** | **13** | **14** | **10** |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत ) | **31** | **31** | **35** | **39** | **43** |
| औसत वायु गति {कि./घण्टा} | **28** | **27** | **28** | **25** | **25** |
| वर्षा) एम.एम. ( | **00.00** | | | | |

**कृषकों के लिए कृषि सलाह (Agro Advisory):** गत सप्ताह की मौसम समीक्षा एवं इस सप्तक के लिए मौसम पूर्वानुमान के आधार पर किसान भाइयों को निम्न सलाह दी जाती है ।

| | |
|---|---|
| **विशेष सलाह** | चारे वाली फसलों में जब भी फसल में मुरझाने के लक्षण दिखाई दें और विकास की महत्वपूर्ण अवस्थाओं के आधार पर आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। कटी हुई रबी फसलों एवं फसल उत्पादों को सुरक्षित स्थान पर रखें। उच्च तापमान की अवधि के दौरान ज्वलनशील सामग्री को सबसे सुरक्षित स्थानों पर रखें। |

| फसल | अवस्था | विवरण | कृषि सलाह |
|---|---|---|---|
| देशी कपास | बुवाई की तैयारी | बुवाई का समय, किस्में बीज दर एवं फसल ज्यामिति | देशी कपास की बुवाई का उचित समय है, प्रचलित किस्में आर.जी -8, आर.जी -18, राज.डी.एच -9, एच.डी -123 या आर.जी -542 है। देशी कपास की बुवाई के लिए 3 किलोग्राम बीज प्रति बीघा उपयुक्त है।<br>देशी कपास की बुवाई में कतार से कतार की दूरी 67.5 सेमी व पौधे से पौधे की दूरी 60 सेमी रखें। |
| बी. टी. कपास | बुवाई की तैयारी | बुवाई का समय, किस्में बीज दर एवं फसल ज्यामिति | बी.टी. कपास की बुवाई 1 मई से 20 मई का उपयुक्त समय है। लेकिन 15 अप्रैल से 15 मई के मध्य बुवाई करने से फसल में गुलाबी सुडी का प्रकोप कम हो सकता है। बी. टी. कपास के खेत की परिधि पर उसी किस्म की नॉन बी. टी. संकर (रिफ्युजिया) की बुवाई अवश्य करें। बी. टी. कपास की बीजदर 450 ग्राम प्रति बीघा रखे। कतार से कतार 108 सेमी तथा पौधे से पौधे की दुरी 60 सेमी रखें। |
| अमेरिकी कपास | बुवाई की तैयारी | खेत की तैयारी, बुवाई का समय एवं बीज दर | अमेरिकी कपास की बुवाई का समय मई के पहले सप्ताह से शुरू होगा। खेत की तैयारी के लिए एक गहरी जुताई मिटटी पलटने वाले हल से तथा 2-3 जुताई कल्टीवेटर से करनी चाहिए तथा खेत की तैयारी के समय 30-35 क्विंटल गोबर खाद प्रति बीघा प्रयोग करें।<br>अमेरिकी कपास की बुवाई के लिए 4 किलोग्राम बीज प्रति बीघा उपयुक्त है। |
| चारा प्रबंधन | बोवाई | | बेहतर पैदावार के लिए चारे वाली फसलों में बार-बार सिंचाई करें। |
| उद्यानिकी | | सिंचाई | उद्यानिकी फल फसलों जैसे खजूर, किन्नों, संतरा व नीबू एवं सब्जी फसलों जैसे ककड़ी, तरबूज, खरबूज, टिंडा एवं टमाटर की समय पर सिंचाई करें। |
| बेर | | कटाई छटाई | बेर के पौधों में कटाई-छटाई का उचित समय शुरु हो गया है। बेर में प्रतिवर्ष मई अंत तक कटाई छटाई करनी चाहिये क्योंकि इसकी कक्ष से जो नये प्ररोह निकलते है उन्हीं पर फूल एवं फल लगते है । |
| कद्दूवर्गीय सब्जियों | फलन | कीट नियंत्रण | कद्दूवर्गीय सब्जियों जैसे खरबूजा, तरबूज और ककड़ी में फल मक्खी के नियंत्रण के लिए मैलाथियान 50 ईसी की 1 मिली मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। |
| पशुधन | | स्वास्थ्य प्रबंधन | दुधारू पशुओं में स्तनदाह से बचाव के उपाय अपनाएं। पेट के कीड़ों की दवा की मौखिक खुराक दें। पशुओं को लू से बचाएं। पशुओं को अच्छी गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध करायें। तेज़ हवा की गति को देखते हुए अपने आप को और जानवरों को पुराने/क्षयग्रस्त आश्रयों और दीवारों से दूर रखें। |

सह–आचार्य एवं तकनीकी अधिकारी
ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

क्षेत्रीय अनुसन्धान निदेशक एवं
नोडल ऑफिसर – ग्रामीण कृषि मौसम सेवा